भी साथी थे। अब छोड़ गए हैं। अच्छा हुआ, ऐसे लोग इस पार्टी से जल्दी चले गए। वह क्या हैं, कैसे हैं, हमने तो सच्चे तरीके से या गलत तरीके से उनको यहां रखा था। वह गए, अच्छा हुआ। अब वे जिन लोगों के साथ बैठते हैं, उन्होंने पहचाना है। वह क्या कह रहे हैं, यह मैं कहना चाहता हूं। यहां अलग-अलग विरोधी दल हैं। अब उनकी एक दूसरे के प्रति क्या आस्था है, मैं यह भी उजागर करने की कोशिश कर रहा हूं। मान्यवर, वह किस-किस के साथ जाकर बैठते हैं। पांच मिनिट पहले जो दुश्मन थे, जिनको गाली देते थे, जिनके साथ नीतियों का कोई सम्बंध नहीं है, उनके साथ बैठते हैं। नीतियों की बात करते हैं, सच्चाई की बात करते हैं और मान्यवर, बड़े खेद की बात है कि भ्रष्टाचार की भी बात करते हैं जोकि खुद भ्रष्टाचार की दलदल में फंसे हुए हैं। यह मैं नहीं कह रहा हूं। इनके साथ बैठे हुए लोग यह कह रहे हैं। यह एक सामयिक अखबार वालों ने लिखा है, मैंने नहीं लिखा है। वह यह कहता है कि सितम्बर, 86 में जब चौधरी चरणसिंह अर्ध-विक्षिप्तावस्था में मृत्यु के निकट थे, राजा साहब के इशारे पर, राजा विश्वनाथ प्रताप सिंह के इशारे पर संजय सिंह ने वयोवृद्ध चौधरी चरणसिंह को विधानसभा में चरणसिंह चोर कहकर पुकारा। किन्तु किसी को तब भी यह आभास नहीं था कि राजा साहब अपनी राजनीति के लिए हर्षमैन सरीखे अमरीकी एजेंटों के मित्र भी बन सकते हैं। आज वही संजय सिंह उनके साथ हैं और उन्हीं के साथ हैं जिनको चोर कहा था उनके पुत्र भी आज उनके साथ बैठे हुए हैं अब देखिए कि उनके बीच में कितना अंतर है वाणी में और व्यवहार में कितना अंतर हैं। मान्यवर, आगे सुनिए, चंद्रशेखर जी को अभी भी पूरी तरह विश्वास नहीं था। यह सामयिक कहता है कि, राजा विश्वनाथ प्रताप सिंह ने वित्त मंत्री की हैसियत से गैर जिम्मेदारी का इतना बड़ा काम किया था। लेकिन उनके टाल-मटोल वाले उत्तर से उनका शक बढ़ गया। तभी उनके एक मित्र ने आकर दावा किया कि वह उन्हें हर्षमैन की चिट्ठी आदि दिखा सकता है। किन्तु वित्त मंत्रालय की फाइलों में से वह चिट्ठी गायब है जो या तो स्वयं वित्त मंत्री ने लिखी थी या वित्त मंत्री के निर्देश पर भूरेलाल ने। वैसे इस अधिकारी का दावा था कि विरोधी दलों के कतिपय नेताओं की जांच के लिए हर्षमैन को पत्र भूरेलाल ने लिखा था न कि तात्कालिक वित्त मंत्री ने। इन्हीं दिनों चन्द्रशेखर अपने एक बुजुर्ग मित्र को देखने यूरोप जाने वाले थे जोकि वहां बीमार थे। जब वे भारत से जा रहे थे, उनके मित्रों ने उनसे यह कहा था कि जब हर्षमैन आपको खुद मिलकर वस्तुस्थिति से अवगत कराएगा तभी आप यकीन करेंगे। चन्द्रशेखर जी यूरोप गए एक रात उनकी हर्षमैन से मुलाकात भी हुई। जब चन्द्रशेखर का हर्षमैन से परिचय कराया गया तो उसने कहा कि, हां मैं आपके बारे में सब कुछ जानता हूं और आपके यहां के एक बड़े आदमी ने आपके बारे में कुछ जानकारियां चाही थीं। चन्द्रशेखर के बार-बार कहने पर भी हर्षमैन ने नाम नहीं बताया और राजा विश्वनाथ प्रताप सिंह के नाम पर अजीब-सा इंकार किया। चन्द्रशेखर के साथ गए उस सम्पर्क के अनुसार हर्षमैन का इकार तकनीकी आधार पर था। यह उसकी टालमटोल वाली मुद्रा से स्पष्ट था इस मुलाकात के बाद चन्द्रशेखर वापिस आ गए। तो यह स्पष्ट हो चुका था कि जब विश्वनाथ प्रताप सिंह भारत के वित्त मंत्री थे तब वित्त मंत्रालय की तरफ से किसी व्यक्ति ने अनेकों राजनीतिज्ञों, व्यवसाइयों और सैनिक अधिकारियों की जांच कराने का आग्रह किया था और जांच के लिए हर्षमैन को आवश्यक सूचनाएं और दस्तावेज उपलब्ध कराए गए थे। चाहे ये सूचनाएं भारत की सुरक्षा एवं राजनीति के लिए कितनी ही गोपनीय क्यों न रही हों। जांच वाले नामों में एक नाम चन्द्रशेखर का भी था, इसकी पुष्टि भी हो गई है।"

मान्यवर, आगे मैं पढ़ता हूं "इसी बीच विश्वनाथ प्रताप सिंह ने इस आरोप का खण्डन कर दिया कि उन्होंने भारतीय

[श्री मीर्जा ईर्शादबेग]

नेताओं की फेयरफैक्स से जांच कराई थी किन्तु सबसे बड़ा धमाका हर्षमैन ने किया है। उन्होंने 7 फरवरी की रात को डाक्टर स्वामी को बताया कि यह सच है कि उन्होंने भारत के विरोधी दलों के अनेक नेताओं की जांच की थी, किन्त उन्होंने यह भी कहा कि उनको यह काम तत्कालीन वित्त मंत्री राजा विश्वनाथ प्रताप सिंह ने नहीं सौपा था। इस मुलाकात के बाद डाक्टर स्वामी ने कहा कि अब मैं जान गया हूं कि फेयरफैक्स से यह काम भारत के कुछ लोगों और कुछ अधिकारियों ने कराया था।" मान्यवर, इस लिस्ट में और 16 लोगों के नाम कहीं पर नहीं हैं। मान्यवर, "लेकिन हर्षमैन की स्वीकारोक्ति से यह स्पष्ट है कि फेयरफैक्स ने भारतीय नेताओं की जांच की थी और यह फेयरफैक्स वही जासूसी कम्पनी है जिससे राजा विश्वनाथ प्रताप सिंह ने वित्त मंत्री की हैसियत से भूरेलाल, विनोद पाण्डे और एक भारतीय उद्योगपति के माध्यम से सम्पर्क साधा था। जिस समय के अपने सम्पर्क को राजा साहब उचित ठहरा चुके हैं, तभी की यह घटना भी है। क्या राजा साहब अपने दिल को टटोलकर बताएंगे कि चन्द्रशेखर, कर्पूरी ठाकुर, बहुगुणा आदि की जांच उन्होंने अपने वफादार नौकरशाहों के माध्यम से नहीं कराई थी? यानि भूरेलाल और विनोद पाण्डे के माध्यम से। चूंकि उन्होंने दस्तखत न करके मौखिक आदेश दिए थे, क्या वे सिर्फ इसी आधार पर झूठ बोलते रहेंगे? अगर राजा साहब और उनके कुछ धनपशु मित्र इतने ही साफ-पाक हैं तो दिल्ली और बम्बई से हर्षमैन को इस आशय के फोन क्यों किए गए कि वे डाक्टर स्वामी से मुलाकात न करें। ये लोग कौन थे? इनकी रुचि किसके हितों में है?"

उपसभाध्यक्ष (श्री हेच० हनुमनतप्पा) : क्यूटेशन सीमित रखिए सारा पढ़ने की क्या जरूरत है?

श्री मीर्जा ईर्शादबग : मान्यवर, यह उजागर कर दूं तो ज्यादा समझ में आ जाएगा... **(व्यवधान)**...

उप सभाध्यक्ष (श्री हेच० हनुमनतप्पा) : नहीं, पब्लिश्ड हो गया है। ... **(व्यवधान)**...

श्री मीर्जा इर्शादबेग : मान्यवर, मैं यह इसलिए कहना चाहता हूं कि राजा साहब ने जो-जो हथकण्डे इसके साथ किए। अब ये सब लोग इसलिए जमा हो रहे हैं कि किसी भी बहाने देश की सत्ता को हथिया लिया जाए। मान्यवर, आगे एक बात और बताना चाहता हूं। कितने दिन में बदल जाते हैं ये लोग। देश की जनता विश्वास कैसे करे और हम भी उन पर विश्वास कैसे करें।

"फरवरी के पहले हफ्ते में रोहतक की एक जनसभा में हरियाणा के मुख्य मंत्री देवीलाल की यह अपील न तो आकस्मिक थी और न बिना कुछ सोचे-विचारे दिए जाने वाले उन वक्तव्यों में से एक जो विपक्ष के इस नए डॉन की विशेषता बन गई है और ये वही देवीलाल हैं जिन्हें अभी हाल तक देश के अगले प्रधान मंत्री के बारे में कोई दुविधा नहीं थी। वे घूम-घूमकर चारों तरफ यह घोषणा करते फिर रहे थे कि विपक्ष में नेतृत्व को ले कर कोई विवाद नहीं है। यह तय हो चुका है कि विश्वनाथ प्रताप सिंह प्रधान मंत्री होंगे। यह घोषणा कई महीने तक वह दोहराते रहे, फिर अचानक उनका सुर बदला और वे कहने लगे कि जनता दल के निर्वाचित प्रतिनिधि ही यह तय करेंगे कि प्रधान मंत्री के पद पर किसे बैठाया जाए। फिर वे यह फरमाने लगे कि देश का अगला प्रधान मंत्री किसान का बेटा होगा। रोहतक की अपील इस प्रक्रिया

का एक स्वाभाविक उत्कर्ष थी, साफ है कि भावी प्रधानमंत्रित्व की दौड़ में अब एक और आदमी शामिल हो गया है।"

मान्यवर, और साथ में बैठकर के यह बात करते हैं, एक दल में बैठकर के यह बात करते हैं। पहले कहते हैं ये प्रधान मंत्री, दूसरे कहते हैं ये प्रधान मंत्री, तीसरे कहते हैं तीसरे प्रधान मंत्री। लेकिन मान्यवर, मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहता हूं और यह अखबार ने लिखा है "हाल ही में उत्तर प्रदेश में हुए बलाक प्रमुख, सहकारिता बैंक, जिला परिषद और नगरपालिका चेयरमैन के चुनावों में जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष वी०पी० सिंह अपने निर्वाचन क्षेत्र में इन चारों चुनावों में बहुत बुरी तरह से परास्त हुए हैं। उनका एक भी आदमी इन चुनावों में नहीं जीत पाया। इसी तरह जनता दल के अन्य राष्ट्रीय नेता अरुण नेहरू, अजीत सिंह, चन्द्रशेखर, जनेश्वर संयोजक रामधन आदि सभी अपने चुनाव क्षेत्रों में बहुत ही बुरी तरह हारे।" और विकल्प बनता है राजीव गांधी का? उनका विकल्प बनना है, देश को कांग्रेस सरकार का विकल्प बनना है तो पहले देश के लिए कुछ करने की भावना पैदा कीजिए।

मान्यवर, मैं आपके माध्यम से एक बात और कहना चाहूंगा यहां पर। यह तो देवीलाल जी के बारे में और विश्वनाथ प्रताप सिंह जी के बारे था। लेकिन आपसे यह कहना चाहता हूं कि [illegible] तो कई लोग हैं जिनको निष्कासित कर दिया गया अपने राज्य में से, मुख्य मंत्री के पदों से, उनके बारे में डा० सुब्रह्मण्यम स्वामी कहते हैं:

> यह एक दिलचस्प बात है कि कर्नाटक में रामकृष्ण हेगड़े के तबादलों रिश्वतदारों द्वारा किए गए तमाम सौदों के लिए पैसा हमेशा विदेश से आया है, दुबई से आया।

पिछले साल अगस्त में तत्कालीन हेगड़े सरकार द्वारा शरीफ लोगों का टेलीफोन टैप करने के बारे में इलस्ट्रेड वीकली ऑफ इंडिया को दिए अपने इंटरव्यू में मैंने कहा था श्री हेगड़े को मेरा एहसानमंद होना चाहिए कि मैं उनके बारे में और भी जो कुछ जानता हूं, उसका मैंने सार्वजनिक उद्घाटन नहीं किया है। तब से श्री हेगड़े बहादुरी के जोश में प्रेस कांफ्रेंसों के जरिए चुनौती देते रहे हैं कि मैं जो कुछ जानता हूं उसे सार्वजनिक कर दूं। मेरे मौन को उन्होंने अपनी निरपराधिता का प्रमाण मान रखा है। इसके अलावा चूंकि वे अब भी अपनी मूल्य आधारित राजनीति की चर्चा से लोगों को बेवकूफ बनाते जा रहे हैं, मेरे पास इसके अलावा कोई और चारा नहीं है कि मैं किस्तों में वह उद्घाटित करता रहूं जो लोगों को उनके बारे में तथा उनकी मूल्य आधारित राजनीति के बारे में जानना ही चाहिए। महोदय, मैं नहीं जानता कि यह मूल्य आधारित राजनीति क्या है, मूल्य आधारित है या अमूल्य आधारित राजनीति है।

एक समय श्री हेगड़े ने कहा था कि यदि मैं यह साबित कर दूं कि उन्होंने 51 शरीफ आदमियों के टेलीफोन टैप करने का आदेश दिया था तो वे राजनीति से सन्यास ले लेंगे। यह मैं कायल कर देने की हद तक और दस्तावेजों के बल पर साबित कर चुका हूं, लेकिन श्री हेगड़े ने अपनी उपर्युक्त प्रतिज्ञा फटाफट भुला दी। यह रहस्योद्घाटन भी उनकी धृष्टता को बनाए ही रखेगा। फिर भी लोगों को तो तथ्यों की जानकारी होनी ही चाहिए।

मान्यवर, जमीन घोटाले जो हुए, आप जिस स्टेट से आते हैं उसके बारे में आप मुझसे ज्यादा जानते हैं। वहां जो जमीन के घोटाले हुए उनमें हेगड़े के पारिवारिक सदस्यों का हाथ था। उसके बारे में डॉ० सुब्रह्मण्यम स्वामी

[श्री मिर्जा ईर्शाद बेग]

ने जो कुछ कहा है, वह मैं देश को बतलाना चाहता हूं।...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIH. HANUMANTHAPPA): You limit ourself only to quotation. Don't mention about a person who is not present in the House. *(Interruptions)* Yes, that is why I have allowed only quotation.

श्री मीर्जा ईर्शादबेग : यह मैं इसलिए कह रहा हूं कि बाहर देश के लोग, देश का मीडिया क्या कहता है वह, इन्हीं की जुबान में कहना चाहता था क्योंकि देश के लोगों में जो भ्रम किया जा रहा है। उनको भ्रमित किया जा रहा है, उनको यह बताने की कोशिश मैं कर रहा हूं कि यहां जो कुछ बोला जा रहा है वह कांग्रेस के मैम्बर नहीं बोल रहे हैं, ये राजीव गांधी से जुड़े हुए लोग नहीं बोल रहे थे, लेकिन जनता की आवाज क्या है, हकीकत की आवाज क्या है, देश की जनता यह जाने। हेगड़े जी ने यह कहा है:

लेकिन इस बार हमने चुनाव से पूर्व ही अपना नेता चुन लिया और वह भी सर्वानुमति से। इसलिए वह झगड़ा इस बार नहीं होगा।

मान्यवर, इसमें आगे कहा गया है:

चन्द्रशेखर जी ने ही बी०पी० सिंह के नाम का अनुमोदन किया। चंद्रशेखर जी बिना किसी संदेह के नेता हैं। शुरू में उनके विकल्प बनने की बात चली थी, लेकिन परिस्थितियां ऐसी पलटीं कि उनकी छवि घटती चली गई। हमारी छवि घटती चली गई।

मान्यवर, ये राजीव गांधी के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हैं। भ्रष्टाचार किसने किया, देश की जनता को यह पता लगाना चाहिए। इसीलिए मैं कहना चाहता हूं कि हेगड़े जी ने कहा कि— अब किसी ईमानदार व्यक्ति के बारे में भी कोई भ्रष्टाचार के आरोप लगाए तो लोग समझेंगे कि वह भ्रष्ट ही है। अतः मैंने वी०पी० सिंह से कहा, आपके इस अभियान से मैं पहला कार्यकर्ता बनूंगा, मैंने दिल से यह बात कही थी।

मान्यवर, इनके लोगों के बारे में मैं और कहना चाहता था लेकिन चूंकि समय की पाबंदी है, इसलिए मुझे थोड़ा और समय देने की कृपा करें।

मान्यवर, इनके नेता हैं जार्ज फरनांडिस। उनके बारे में डा० सुब्रहमण्यम स्वामी का कहना है:

जार्ज का विरोध मैंने इसलिए किया क्योंकि जब वे मंत्री थे, जब उन्होंने लीबिया को हमारे आणविक शक्ति के रहस्य बेचने की कोशिश की थी। उसको मैंने रोका और जार्ज लीबिया से जो गुप्त समझौता करके आए थे उसे तत्कालीन प्रधान मंत्री मोरारजी भाई से रद्द करवया। उससे मुझे यह लगा कि यह व्यक्ति न तो भारत के हित को समझता है और न ही मानवता के हित को समझता है। वह पैसे के लिए कुछ भी कर सकता है। उसकी पुष्टि मुझे तब हुई जब यह पाकिस्तान गये और जिया से मिलकर आये। पर अब मैं उनका विरोध नहीं करता हूं क्योंकि जब वह किसी भी गिनती में नहीं है। अब उनके पास कोई गलत काम करने का मौका नहीं है।" देश को बेचने वाली बात कौन कर रहा है? देश को विदेशी ताकतों के हाथ में बेचने की बात यही लोग कर रहे हैं। यही लोग आज यह बात कह रहे हैं कि देश का नेतृत्व हम लोग करेंगे। देश की जनता इसका फैसला करेगी। हेगड़े का फासिस्ट तरीका है कि झूठ को हजार बार बोलो तो सच हो जायेगा। मैं इस लिए कह रहा हूं कि इनके साथ बैठने वाले जो लोग

3.00 P.M.

हैं वे किस प्रकार की बातें करते हैं। इन बातों से यह साबित हो जाता है कि देश को राजनीति करने के लिए न तो लोग सक्षम हैं और न इनके पास कुछ और है। आज उन्होंने यह हंगामा उठा कर रखा है। (**समय की घंटी**) पांच मिनट में मैं अपनी बात खत्म कर दूंगा।

मैं इस लिए कह रहा हूं कि देश का विपक्ष हम से इस बात को कह रहा है। हम चाहते हैं देश का विपक्ष हमारे साथ बैठे। देश की राजनीति हमारे साथ में रहे और देश के विकास की एक मंजिल जो हमारे राजीव गांधी जी की कांग्रेस सरकार करने जा रही है उस पर हमारा सहयोग करे लेकिन सिर्फ एक गलत तरीके पर नैगेटिव अप्रोच लेकर, देश की सरकार जो इतना अच्छा काम कर रही है, उस सरकार का विरोध करना मैं मानता हूं सच बात नहीं है।

एक और पार्टी है बी०जे०पी०। उन्होंने तो यह बात कह दी कि विकल्प हो गया कांग्रेस का लेकिन आडवाणी जी ने यह कहा कि "विकल्प पैदा हो गया है ऐसा मैं नहीं मानता हूं। ऐसा लगता है कि आज चुनाव हो जाये, तो कांग्रेस हारेगी। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि लोगों की औरों के प्रति आस्था पैदा हो गयी है। लेकिन नकारात्मक वोट के आधार पर कांग्रेस हार जायेगी। फिर भी कोई विश्वासपूर्वक नहीं कह सकता है कि उसके बाद किस प्रकार की स्थिर व्यवस्था बनेगी।" यह अपने आप में कितना साफ है। अपने आप में इनको भरोसा नहीं है। इनको भरोसा नहीं है कि देश में से कांग्रेस की सरकार हट सकती है या नहीं। देश में से राजीव की सरकार जा सकती है या नहीं।

आगे कुछ नहीं कहना चाहता। सिर्फ इतना ही कहना चाहता हूं कि बी.पी. सिंह ने जो बात बतायी थी वह कह रहा हूं। आडवाणी जी जो बी.जी.पी. के हैं वह कह रहे हैं" जैसा संबंध जयप्रकाश नारायण का भारतीय जनसंघ के साथ था, जिसमें विश्वास था, परस्पर आदर था, वैसा सम्बन्ध अभी तक उनसे (बी.पी. सिंह) नहीं बन पाया, यह धारणा हमारी पार्टी में रही है और इस धारणा से मैंने व्यक्तिगत रूप से उन्हें अवगत भी कराया है। यह धारणा ही संबंध के विकास में बाधक रही। एक बात और भी है. जिस दिन उन्होंने यह बयान दिया कि कम्यूनिस्टों को मैं स्वाभाविक साथी मानता हूं, तभी से हमने उन्हें सचेत किया आज पश्चिम बंगाल में मार्क्सवादी पार्टी अगर इतनी सबल बनी है तो उसका प्रमुख कारण यह था कि 1967 में अजय मुखर्जी ने उनको अपना स्वाभाविक साथी माना था। स्वाभाविक साथी मान कर, उन्हें मुख्यमंत्री बना कर और कुछ ही महीनों में उनका पत्ता साफ कर के माकपा ने सत्ता हथिया ली और तब से वहां हावी है। इसके लिए बी. पी. सिंह द्वारा व्यक्तिगत स्तर पर ही सावधानी आवश्यक नहीं है, बल्कि देश के हितों के लिए भी (सावधानी) जरूरी है।" यह आडवाणी जी ने कहा।

अंत में एक बात कह कर अपनी बात खत्म करूंगा कि किसी भी विदेशी ताकतों के साथ में हमारी किसी बात को कहा जाए, हमारी किसी ऐसी गुप्त व्यवस्थाओं को उनको न बताया जाए जिससे देश की स्वतंत्रता को खतरा पड़ सकता है उसके बारे में सी० आई० ए० का उल्लेख किया गया है। उसमें एक बात कहना चाहूंगा कि अखबार के जर्नलिस्ट्स ने यह कहा है "भारत में सी० आई० ए० का खेल कोई नया नहीं है। पचास और साठ के दशक से ही सी० आई० ए० भारत में कुछ अखबारों और संपादकों के माध्यम से आपरेट करता रहा है। यह लॉबी हर उस महत्वपूर्ण नाम पर कालिख पोतने का काम करती रही है, जिसे अमेरिकी हितों के अनुरूप सही पाया गया। वी० के० कृष्णा मेनन संभवत : इस लॉबी के पहले शिकार थे। कुमार मंगलम (अब स्वर्गीय) भी

[श्री मोर्जा ईर्शाद बेग]

इनकी आंखों को किरकिरी कर रहे थे। हर्शमैन आदि भारत में सी० आई० ए० के पुराने खेल का वर्तमान विस्तार मात्र है।

इस संदर्भ में यही बात ध्यान देने योग्य है कि भारत में हर्शमैन के दोस्तों का निशाना सिर्फ राजीव गांधी की कांग्रेस ही नहीं है इनको "हिट लिस्ट" में सबसे ऊपर चंद्रशेखर का नाम है। आज जो लोग हर्शमैन को मिली भारतीय राजनीतिज्ञों और कुछ वरिष्ठ अधिकारियों को ब्लैकमेल कर सकने की ताकत पर चिंतित हैं, उन्हें कानूनी दांव-पेंच में न पड़कर इस मामले पर खुली बहस चलानी चाहिए। इस बहस के दौरान प्रत्येक संबंधित नाम पर चर्चा हो और इसका फैसला जनता पर छोड़ना चाहिए क्योंकि यह बात आम आदमी को बताना बहुत जरूरी है कि भारत की सुरक्षा के साथ किस-किस ने खिलवाड़ किया है।

महोदय, अंत में मैं आखिरी बात यह उद्धृत करना चाहता हूं कि बी०जे० पी० के नेता और उनके महामंत्री ने अपना जो निवेदन दिया है उसमें वे कहते हैं कि यह जो दलदल बना है उसके बारे में यह पता नहीं चलता है कि उस दलदल की नीतियां क्या हैं, वह दलदल किस प्रकार से देश को आगे ले जाना चाहता है। मैं सिर्फ यह कहना चाहता हूं कि आज भी कांग्रेस ही एक ऐसा सक्षम पक्ष हैं, कांग्रेस पार्टी ही ऐसी पार्टी है जो देश के तमाम धर्मों को, देश के तमाम वर्गों को, देश को तमाम कमजोर ताकतों को अपने साथ लेकर आगे बढ़ा सकती है। बी०जे०पी० एक संकुचित मनोवृत्ति को लेकर चल रहा है, भ्रष्ट व्यक्तियों को लेकर दलबदल चल रहा है और जो क्षेत्रीय पार्टियां बनी हैं वे सब निहित स्वार्थों के लिए बनी हैं, ये सब देश की अस्मिता को बेचने जा रहे हैं, देश की सुरक्षा को बेचने जा रहे हैं। देश की जनता कभी भी इनको माफ नहीं करेगी।

अंत में श्री राजीव गांधी जी के बारे में एक बात कह कर मैं बैठ जाता हूं। श्री राजीव गांधी एक ऐसे व्यक्ति हैं जिन पर गीता का एक श्लोक काफी ठीक बैठता है। श्री राजीव गांधी देश की जनता के लिए क्या करना चाहते हैं, श्री राजीव गांधी अपने दिल में क्या विचार रखते हैं, कांग्रेस के नेता देश की जनता के लिए क्या करना चाहते हैं देश को आगे ले जाने के लिए क्या करना चाहते हैं, मैं उस संबंध में गीता का एक श्लोक यहां पर कहना चाहता हूं जो पर्याप्त है –

न त्वहं कामये राज्यं न स्वर्गं नापुनर्भवम्,
कामये दुःखतप्तानां प्राणिनामार्तिनाशनम्

मान्यवर, इसी कामना से हमारे लीडर आगे बढ़ रहे हैं। देश में गलत ताकतों के खिलाफ आवाज उठाने के लिए वे आगे बढ़ रहे हैं। मुझे पूर्ण आशा और विश्वास है कि देश की जनता उनके साथ रहेगी, देश की जनता राजीव गांधी का साथ देगी ताकि देश में साम्प्रदायिक और कम्यूनल फोर्सेज हैं उनके खिलाफ आवाज उठाई जा सके। अंत में मैं आपको धन्यवाद देता हूं जो आपने मुझे समय से अधिक बोलने का मौका दिया।

श्रीमती कैलाशपति (उत्तर प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष महोदय, राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव जो श्री पी० एन० सुकुल द्वारा प्रस्तुत किया गया है, मैं उसका समर्थन करती हूं। राष्ट्रपति महोदय के अभिभाषण में शांति की बात पर जोर दिया गया है। लेकिन हमारे राज्यों में पंजाब, त्रिपुरा में और झारखण्ड आन्दोलन बिहार में काफी समय से चल रहे हैं। अभी हाल ही में बोडो आन्दोलन भी शुरू

हो गया है। एक के बाद एक न जाने कितने मूवमेंट इस देश में चल रहे हैं। बोडो मूवमेंट में आज तक न जाने कितने लोग मारे जा चुके हैं। हमारी सरकार को चाहिये कि वह इंटरवीन करके इस समस्या का हल निकाले। आज जमशेदपुर, छोटानागपुर, मिदनापुर, पुरुलिया आदि स्थानों पर झारखंड मूवमेंट जोर पकड़ता जा रहा है। गवर्नमेंट को इसके सोल्यूशन पर भी ध्यान देना चाहिये और आन्दोलन को खत्म करना चाहिये।

हमारे देश में बेरोजगारी की समस्या सबसे बड़ी प्रोब्लम है। आज हमारे देश में एजूकेटिड अनइम्प्लाइड यूथ की संख्या लगभग दो करोड़ है। अनएजूकेटिड अन-इम्प्लायड यूथ की संख्या इससे ज्यादा होगी। इसलिये जल्दी से जल्दी बेरोजगारी दूर करने के लिये सरकार को कदम उठाने चाहिये। इसमें कोई संदेह नहीं है कि 20-सूत्री कार्यक्रम के कारण देश में काफी गरीबों की आर्थिक स्थिति सुधरी है। बहुत से ऐसे राज्य हैं जहां पर उन जरूरतमन्द लोगों को सहायता नहीं मिल पाती है। जिनको सहायता मिलनी चाहिये जो पैसा गरीबों की भलाई के लिये खर्च होना चाहिये, वह सही मायनों में गरीबों तक खर्च नहीं हो पाता है।

एन० आर० ई० पी० और आर० एल० ई० जी० पी० को मिलाने का प्रस्ताव है किन्तु जब तक इन कार्यक्रमों के लिये पर्याप्त धन की व्यवस्था नहीं की जाती तब तक कुछ नहीं हो सकता। माननीय प्रधान मंत्री ने स्वयं कहा है कि गरीबों के लिए रखी गयी राशि का 80 प्रतिशत बिचौलियों को और कर्मचारियों को वेतन देने में चला जाता है। जहां तक गरीबी की रेखा के नीचे के लोगों की स्थिति सुधारने का संबंध है। इस संबंध में हमारा लक्ष्य यह होना चाहिए कि यदि अभ्यार्थी एक समान योग्यता रखता है तो नौकरी उस अभ्यार्थी को दी जानी चाहिए जिसके परिवार में कोई भी व्यक्ति रोजगार में नही है। सिर्फ कानून बना देने से बूथ केप्चरिंग होना बन्द नहीं होगा। आप ऐसी व्यवस्था करें कि चुनावों के दौरान जिन राज्यों में बूथ केप्चरिंग का खतरा होता है उन राज्यों में दूसरे राज्यों की पुलिस भेजी जाय और दूसरे राज्यों से ही पोलिंग आफिसर या प्रिसाइडिंग आफिसर भेजे जांय तभी वहां निष्पक्ष चुनाव होना संभव है।

गरीबी निवारण के कार्यक्रम कार्यान्वित किये जाने चाहिए। लेकिन इन कार्यक्रमों के कार्यान्वियन के रास्ते में भारतीय सिविल सेवा बाधक है। यद्यपि हमारी भारतीय प्रशासनिक सेवायें तथा अन्य सेवायें विश्व में बड़ी कुशल मानी जाती हैं किन्तु कभी कभी उनका दृष्टिकोण नकारात्मक हो जाता है। उनको चाहिए कि वे गरीब लोगों की विकास संबंधी योजनाओं के संबंध में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनायें।

पंडित जवाहरलाल नेहरू जी ने कहा था कि यदि ग्रामीण गरीब लोगों को शक्तिशाली बनाना है तो हमें सहकारी समितियों को मजबूत करना होगा तथा पंचायती राज शुरु करना होगा ताकि लोगों के हाथ में शक्ति आ सके। गुजरात, कर्नाटक, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश में पंचायती राज का यह प्रयोग काफी सफल रहा है। लेकिन पर्याप्त वित्तीय शक्ति दिये बिना यह पंचायती राज राजनैतिक दृष्टि से बड़ा आवश्यक है क्योंकि राष्ट्र के सामने आज एक मसला यह भी है कि लोगों को वास्तविक शक्ति किस प्रकार दी जाये।

देश के सामने इस समय मूलभूत प्रश्न देश की एकता और अखंडता का है। सभी प्रकार की शक्तियां सर उठा रही हैं और देश की एकता और अखंडता के लिए खतरा पैदा कर रही है। ऐसी स्थिति में आज हमें यह देखना है कि कौन सी ऐसी बातें हैं जो हमें अलग अलग करने के बजाय संगठित कर सकती हैं। हमारे देश के वैज्ञानिकों ने विशिष्ट उपलब्धियां प्राप्त की हैं।

[श्रीमति कैलाशपति]

वे देश के विभिन्न राज्यों तथा भिन्न-भिन्न धर्मों के हैं किन्तु उन्होंने मिलकर विश्व में देश की प्रतिष्ठा बढ़ाई है ।

महोदय, भारत के प्रधानमंत्री 34 साल बाद चीन गए और यह विजिट हिस्टोरिकल विजिट सिद्ध हुई । उनके वहां जाने से क्लाइमेट आफ ट्रस्ट बना और हमने चीन के साथ ट्रेवल ट्रेड और कल्चर के क्षेत्र में तीन समझौते किये स्वयं चाइना ने उनकी विजिट को इम्पार्टेंट माना है और हमारे साथ कोआपरेशन का वायदा किया है । प्रधानमंत्री जी पाकिस्तान भी गये । वहां पाकिस्तान की प्रधानमंत्री बेनजीर भुटटों से उन्होंने मुलाकात की । इससे दोनों मुल्क एक दूसरे के करीब आये है और इससे एक नया रास्ता कोआपरेशन और दोस्ती का खुला है । इससे जो टेंशन था उसमें कमी आयेगी और दोनों देशों को परस्पर लाभ होगा । मालदीव में सरकार का तख्ता पलटने की जो कोशिश की गई थी माननीय राजीव गांधी ने शानदार तरीके से उनकी सहायता कर अपनी दोस्ती का फर्ज निभाया और हिन्दुस्तान का नाम दुनिया में ऊंचा किया । इसके लिए दुनिया के लोगों ने राजीव जी को बधाइयां भेजी हैं ।

महोदय, इन शब्दों के साथ मैं इस धन्यवाद प्रस्ताव का समर्थन करती हुं । उपसभाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे जो बोलने का समय दिया इसके लिए मैं आपकी आभारी हूं ।

ठाकुर जगतपाल सिंह (मध्य प्रदेश) : माननीय उपसभाध्यक्ष जी, मैं राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर माननीय सदस्य श्री मुकुल जी ने जो धन्यवाद का प्रस्ताव रखा है उसका समर्थन करने के लिये मैं खड़ा हुआ हूं । मैं अभी सुन रहा था कि नये प्रधानमंत्री की बात लोग कर रहे हैं । हमारे यहां एक कहावत है कि "सूत न कपास जुलाहे से लट्ठम लट्ठा" अभी प्रधानमंत्री होने न होने का सवाल कहां है । जो पार्टी इस बात का दावा करती है मैं उसको कुछ पुरानी यादें दिलाना चाहता हूं । जिस वक्त जनता पार्टी हुकूमत में आई थी, वह ढाई साल सत्ता में रह पाई, हमने उन्हें गाली नहीं दी हमने उनकी सरकार गिराने का प्रयास नहीं किया । लेकिन वे आपस में एक दूसरे से लड़कर स्वयं ही टूट गये । जबकि जनता ने उन्हें पांच साल के लिये चुना था । विपरीत दिशा में जाने वाले यात्री एक प्लेटफार्म पर तो खड़े हो सकते हैं किन्तु एक ट्रेन में सफर नहीं कर सकते हैं । आजादी की लड़ाई के समय हमारे पास एक आजादी का मिशन था । आजादी की वह लड़ाई हमने पूरी की और देश को आजाद किया । हमारी यह पार्टी जो 100 साल पुरानी है और पिछले 40 साल से इस देश की विकास की मंजिल को आगे ले जा रही है और आगे भी ले जाती रहेगी । हिन्दुस्तान के लोगों ने इतिहास को देखा है । History is a merciless judge. इतिहास निर्दयी न्यायकारी होता है । हिन्दुस्तान की जनता यह जानती है कि कांग्रेस ही एक ऐसी पार्टी है जो देश में आजादी लाई है और आजादी के बाद इस देश के विकास की मंजिल को आगे बढ़ाया है । हमने देश को आजाद कराने का वायदा किया था, वह हमने पूरा किया । हमने कहा था कि आजादी के बाद हम हिन्दुस्तान में प्रजातंत्र लायेंगे, हमने कहा था कि हिन्दुस्तान में हम समाजवाद लायेंगे, हमने कहा था कि हमारे देश में चाहे हिन्दू हों, चाहे मुसलमान हों, चाहे इसाई हों और चाहे पारसी हों, सब का बराबर का हक होगा । हिन्दुस्तान की जनता जानती है कि हमने जो वायदे किये थे पूरे किये । आज मैं उन महान नेताओं को महान आत्माओं को नहीं भुला सकता जिनकी कुर्बानी से इस देश में हमने आजादी ली । जिन्होंने फांसी के तख्तों को चूमा, उन्हें क्या मिला ? उनके दिल में एक तमन्ना थी कि हिन्दुस्तान आजाद होगा और नयी पीढ़ी अपने आप को खुशहाल पाएगी । अब हिन्दुस्तान के लोग सोचें अब से चालीस साल पहले का हिन्दुस्तान का क्या इतिहास

था । इस मुल्क के अन्दर सुई तक नहीं बनती थी, कपड़े की कमी थी, घरों की कमी थी, स्कूलों की कमी थी, अस्पतालों की कमी थी, सड़कों की कमी थी । गांव में अगर कोई साइकिल आ जाता था तो लोग उसको देखने आया करते थे । आज विकास की गति देखिये । गांवों में जाइये । ट्रैक्टर चल रहे हैं, स्कूल बने हुए हैं, अस्पताल बने हुए हैं, सड़कें बन रही हैं, विकास की गति इतनी तेजी से बढ़ रही है । लेकिन हमारे विरोधी पक्ष को विकास दिखाई नहीं दे रहा है । क्योंकि उनकी आंखों पर रंगीन चश्मा चढ़ा हुआ है । आज विरोधी पक्ष के कोई माननीय सदस्य नहीं हैं, क्यों नहीं हैं ? क्योंकि उनके पास कहने को कुछ नहीं है । कोई न कोई बहाना बना कर वे चले गये हैं । दो साल में राजीव गांधी के नेतृत्व में इस देश में जो विकास हुआ है विकास की जो मंजिलें हमने तय की हैं उन्हें आज कोई चुनौती नहीं दे सकता । दुनिया के लोग यह मानते हैं कि हिन्दुस्तान ने राजीव गांधी के नेतृत्व में बहुत कुछ किया है । मैं आपको थोड़ी सी याद दिलाना चाहता हूं कि आदरणीय पंडित जवाहरलाल नेहरू ने जिस वक्त कोर इंडस्ट्री की बात कही थी तो ये विरोधी पक्ष के लोग क्या कहा करते थे । बोलने के लिए मन ही नहीं चाहता क्योंकि विरोधी पक्ष के माननीय सदस्य हैं ही नहीं । जरा सामने यदि वे होते तो सुनते कि उन्होंने उस वक्त क्या कहा था ? पंडित नेहरू बड़ी इंडस्ट्री लगा रहे हैं, स्माल स्केल इंडस्ट्री नहीं लगा रहे हैं, काटेज इंडस्ट्री नहीं लगा रहे हैं । मेरे साथियो, हिन्दुस्तान के लोगों से मैं इस सदन के माध्यम से यह कहना चाहता हूं कि अगर कोर इंडस्ट्री न होती, अगर लोहा न होता, अगर बिजली न होती, नहरें न होतीं, फर्टिलाइजर न होता तो इस देश का क्या होता ? कोर इंडस्ट्री के आने के बाद हमारा देश विकास की मंजिल की ओर तेजी से बढ़ने लगा । आदरणीय श्रीमती इन्दिरा जी ने जब बैंकों को नेशनलाइज किया तो विरोधी पक्ष के लोगों ने उसका भी विरोध किया । हमारी आदरणीय नेता की हत्या करवाई गई । सत्ता के बाहर के कुछ लोग यह चाहते थे किसी तरह से सत्ता उनके हाथ में आए विदेशी ताकतों के षड़यंत्र से हमारी नेता हमारे बीच में नहीं रही लेकिन वह लोग सोचते थे कि हिन्दुस्तान श्रीमती इन्दिरा गांधी के मरने के बाद टूट जाएगा, कांग्रेस टूट जाएगी, लेकिन धन्यवाद हिन्दुस्तान की जनता को है हिन्दुस्तान के लोगों ने देश में शान्ति को कायम रखा और राजीव गांधी को अपना प्रधानमंत्री चुना । जब से वे आए हैं आप देखें दुनिया के लोग कहते हैं हमारे देश में बहुत विकास हुआ है। इतिहास को देखें इतिहास निर्दयी न्यायकारी है । हिन्दुस्तान में चारों तरफ आग लगी हुई थी क्यों लगी हुई थी केवल एक ही कारण था कि अगर हमारे देश के चारों तरफ बार्डर गर्म रहते हैं तो हमारा अनप्रोडक्टिव इनवेस्टमेंट ज्यादा होगा और प्रोडक्टिव साइड में हम पैसा न लगा पाएं । हमारा नार्थ का बार्डर है, पाकिस्तान का बार्डर है, सिलोन की तरफ का बार्डर है, चारों तरफ से अगर हमें अपने को सेफ रखना है तो हमें काफी मात्रा में हथियार खरीदने पड़ते दूसरे मुल्कों के पास जो हथियार होते उनसे अच्छे हथियार खरीदने पड़ते इसलिए नहीं कि हम अपने किसी पड़ोसी मुल्क की एक इंच जमीन लेना चाहते हैं बल्कि हमें अपने मुल्क को बचाने के लिए हथियार लेने पड़ते । लेकिन अगर ऐसा होता रहता तो विकास की मंजिल बहुत तेजी से नहीं चल सकती थी और पैसा हथियारों पर लगता । उत्तर के जो हमारे प्रांत हैं बहुत से ऐसे लोग थे जो हमारे साथ कभी नहीं रहे लेकिन मैं राजीव गांधी को बधाई देना चाहता हूं कि उन्होंने इन सब मसलों को तय किया । सिलोन से जब आवाज आई तो हम सेवा के लिये गये, मालदीव से जब आवाज आई तो हम सेवा के लिए पहुंचे और जब हमारे उत्तर भारत के जो प्रांत हैं आज वे हमारे साथ मेन–धारा में जुड़े हुए हैं इससे बड़ा और क्या काम हो सकता था ? मैं एक चीज और याद दिलाना चाहता हूं । जब बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया तो आपको याद है कि हमारे विरोधी पार्टी के लोगों ने क्या कहा था । उन्होंने कहा था कि यह गलत किया है । मैं यह कहना चाहता हूं कि अगर

[ठाकुर जगतपाल सिंह]

बैंक नेशनलाईजेशन न होता तो ग्रामीण अर्थ–व्यवस्था कि विकास कैसे होता, कहां से पैसा आता । चन्द लोग उस पूरे पैसे को अपने बीच में अपने आप लगाए हुए थे लेकिन आज वह पैसा गांव-गांव में जा रहा है और विकास की गति बढ़ा रहा है। विरोधी पक्ष हमारी सरकार को बदलने की बात कहते हैं। यह क्या बदलेंगे । यह तो आपस में टकरा रहे हैं और आपस में टकरा-टकरा कर चूर-चूर हो जाएंगे । हिन्दुस्तान की जनता बेवकूफ नहीं है । हिंदुस्तान की जनता इस बात को समझती है इस 40 साल की आजादी के बाद से एक ही पार्टी इस मुल्क में हैं जो देश का विकास कर रही है । और वह कांग्रेस है और कांग्रेस में एक ही नेता है राजीव गांधी जो इस देश को आगे ले जा रहा है। और उन्नति की मंजिल को आगे बढ़ा सकता है । तो मैं आपके माध्यम से एक बात और कहना चाहता हूं कि इस देश में इंदिरा जी के मरने के बाद एक नयी चाल चली गयी, एक गहरा षड़यंत्र किया गया था और षड़यंत्र क्या था, कि इस देश में टेरोरिज्म को बढ़ावा दिया जाये । टेरोरिज्म कोई इज्म नहीं है, एक एप्रोच है किसी मुल्क में डिक्टेटरशिप लाने के लिए । उनकी कोई नीति नहीं होती । डेमोक्रेसी में पार्टियां होती हैं, पर उनकी कोई न कोई नीति होती है । आर्थिक कार्यक्रम होता है । मैं कहना चाहता हूं कि जब हमने प्रजातंत्र के लाने की बात कही, प्रजातंत्र को लाकर उसको मजबूत करने की बात कही तो विरोधी दलों ने उसे तोड़ने की बात कही । जब हमने देश में एकता की बात कही, जब देश में सर्व धर्मों की इज्जत रखने की बात कही तो इन्होंने जाति, धर्म प्रांत के नाम देश में नफरत फैलाने का प्रयास किया उसे भुलाने की बात कही। जब हमने देश में समाजवाद लाने की बात कही, सामाजवाद के लिए हमने शोषणवादी ताकतों को जो तोड़ना शुरू किया तो आवाजें आने लगी । महोदय, जो ताकतें टूटती हैं वे ही आवाज करती हैं । कुदरत का नियम है कि जो चीज बढ़ती है वह आवाज नहीं करती, जो टूटती हैं वे आवाज करती हैं । पेड़ इतने बढ़े हुए कभी आज तक आवाज नहीं की, फसल बढ़ती है तो आवाज नहीं करती है, पहाड़ इतने ऊंचे हुए कभी आवाज नहीं हुई लेकिन एक टहनी टूटती है तो आवाज करती है, पत्थर गिरता है तो आवाज करता है, फसल कटती है तो आवाज करती है तो इसी तरह जब शोषणवादी ताकतें टूटा करती हैं तो वे आवाजें करती हैं उस शोषण को कायम रखने के लिए लेकिन हम उससे घबराने वाले नहीं हैं । हमने जो इस देश में वादा किया है कि देश के अंदर हम समाजवाद लायेंगे, हम इस देश से गरीबी मिटायेंगे, शोषणवादी ताकतों को तोड़ेंगे तो उन्हें हम तोड़कर रहेंगे, कोई रोक नहीं सकता है । लेकिन बिरोधी लोग क्या कर रहे हैं यह हिंदुस्तान की जनता जानती है, खूब अच्छी तरह से जानती है । एक बोतल में शराब भी हो, दूध भी हो, शहद भी हो, बाजार में बिकेगा ? मिलेगा कोई खरीदार ? नहीं मिलेगा । वही हालत आज विरोधियों की है । समाजवाद, पूंजीवाद, साम्यवाद अर्थात खिचड़ीवाद । जनता को बेवकूफ समझते हैं क्या, क्या हिंदुस्तान की जनता इतनी बेवकूफ है ? मुझे एक साहब ट्रेन में मिले, उनसे पूछा क्या करते हो भाई । एक बड़े अच्छे अफसर थे एक जगह । मैंने कहा कि क्या हाल है । कांग्रेस सरकार को क्रिटिसाइज करने लगे। मैंने उनसे कहा कि तुम्हारे ग्रांड फादर तक को मैं जानता हूं एक झोंपड़ा सा टूटा मकान था, साईकिल भी नहीं थी आज आर०सी०सी० के मकान में रह रहे हो, कार तुम्हारे नीचे है, 7 हजार तुम्हारी तनख्वाह पड़ती है और कहते हो विकास नहीं हो रहा है । हमारे जितने भी साथी हैं, अपने दिलों पर हाथ रखें कि आज से 30 साल पहले गांवों का क्या हाल था । आज से 30 साल पहले इस देश के अंदर कितना बड़ा शोषण था लेकिन आज हम सीना उभाड़कर चलते हैं । दुनिया के लोग आते हैं वे कहते हैं कि हिंदुस्तान इतना आगे चला गया है, वे सोच नहीं सकते थे, इस में

हमारा और आपका दोष नहीं है ... (समय की घंटी) बस दो मिनट। मेरी तो बैसे भी बोलने की तबियत नहीं कर रही है विरोधी पक्ष के कोई भी माननीय सदस्य हैं ही नहीं, सारे भाग खड़े हुए हैं। मैं तो चाहता था वे होते तो बताता कि वे कितनी झूठी बातें करते हैं जनता को गुमराह करने के लिए मैंने तो आंकड़े देकर उनको बताया कि कितना विकास हो रहा है।

आज दुनिया के जो लोग हमारे देश में आते हैं तो कहते हैं कि हिंदुस्तान बहुत आगे जा रहा है। जिस देश में सुई तक नहीं बनती थी, हवाई जहाज बन रहे हैं, कारें बन रही हैं, आज बिजली के कारखाने लगे हुए हैं, आज तेल निकल रहा है, आज शिप बन रहे हैं, क्या नहीं हो रहा है मेरे इस मुल्क में मेरे दोस्तो। हिंदुस्तान बहुत आगे चला गया है लेकिन हाल यह है कि जैसे अपना बच्चा बढ़ता है तो दिखाई नहीं देता है, जब रिश्तेदार आते हैं तो कहते हैं मुन्ना बहुत बढ़ा हो गया है। तो इसी तरह हमारे देश में बहुत विकास हो चुका है और हमें विरोधी पक्षों से कुछ भी खतरा नहीं है, ये हमारी जनता को गुमराह नहीं कर सकते हैं क्योंकि हर आदमी समझता है। कानपुर में बम पड़ता है तो सिम्पैथी होती है और स्वयं सुई चुभती है तो स्वयं को मालूम होता है। इसी प्रकार हर एक को स्वयं अहसास हो रहा है कि जहां हमारे पास फटे कपड़े थे आज टेरिलीन पहन रहे हैं, जहां साइकिल नहीं थी, मोटर साइकिल पर चढ़ रहे हैं, जहां मकान नहीं था झोंपड़ी थी, आर०सी०सी० में बैठे हुए हैं, जहां हमारे बच्चे को 30 रुपये की नौकरी नहीं मिलती थी आज वह एक हजार, दो हजार की नौकरी कर रहा है विरोधी पक्ष के लोग क्या बात करते हैं।

मैं बात कर रहा था श्रीमती इंदिरा गांधी की कि श्रीमती इंदिरा गांधी ने अपने खून का आखिरी कतरा इस देश की आजादी और एकता को कायम रखने के लिए दिया आज हम वायदा करते हैं कि राजीव गांधी और उनके अनुयायी इस देश के अंदर जो टैरोरिज्म है, जो देश को तोड़ने की साजिश की जा रही है, उसका शांतिमय तरीके से डट कर मुकाबला करेंगे और जो शोषणवादी ताकत हैं, उन्हें हर हालत में हम शांतिमय तरीके से तोड़ेंगे और इस देश से गरीबी मिटा कर रहेंगे आज यह भी वायदा करते हैं कि हिंदुस्तान में चाहे हिंदु हो, चाहे मुसलमान हो, या ईसाई हो उसको बराबर का हक है और इस देश में बराबर का हिस्सा रहेगा दुनिया में कोई ऐसा मुल्क है जहां हिंदु अपने मंदिर में जा सकता हो, मुसलमान अपनी मस्जिद में जा सकता हो, ईसाई अपने चर्च में जा सकता हो और सिख अपने गुरुद्वारे में जा सकता हो एक ही मुल्क है और वह है हिंदुस्तान और आज हम इस बात का विश्वास रखते हैं कि राजीव गांधी के नेतृत्व में, वह देश बहुत आगे जाएगा। हमारी विकास की मंजिल को कोई रोक नहीं सकता क्योंकि आजादी की मंजिल एक जगह आकर खत्म हो जाती है, लेकिन विकास की मंजिल कभी खत्म नहीं होती है व एक मंजिल के पूरे होने के बाद विकास की नई मंजिलें खड़ी हो जाती हैं और उससे हम घबराते नहीं है। विरोधी पक्ष के साधु को चोर कहते हैं और चोर को साधु कहते हैं। अब कर्नाटक के चीफ मिनिस्टर के खिलाफ हाई कोर्ट ने, सुप्रीम कोर्ट ने जजमेंट दिया, जनता ने चोर कहा और उसके बाद भी इस्तीफा नहीं दिया।

धन्य है हमारी पार्टी कि हमारे चीफ मिनिस्टर पर इनडाइरेक्ट लांछन लगा और उन्होंने इस्तीफा दे दिया। यह है कांग्रेस। तो यह हमको चोर कहते हैं, बेईमान कहते हैं, खुद बेईमान, खुद करप्ट, खुद चोर—सुप्रीम कोर्ट के जजमेंट के बाद भी इनको इस बात का ख्याल नहीं है कि जनता क्या कहेगी? इसलिए जनता समझती है और मैं धन्यवाद के प्रस्ताव का समर्थन करता हूं और इस सदन के माध्यम से हिंदुस्तान की जनता को विश्वास दिलाना चाहता

[ठाकुर जगतपाल सिंह]

हूं कि कांग्रेस ही एक ऐसी पार्टी है जो देश को आगे ले जा सकती है। गलती न कर जायें, नहीं तो यह शोषणवादी ताकतें फिर खड़ी होकर फिर इस मुल्क का शोषण करेंगी।

इसलिए मैं अंत में केवल आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया और चंकि अब विरोधी पक्ष है नहीं, इसलिए मैं क्या बोलूं, कुछ बोलने के लिये तबीयत नहीं कर रही है। इसलिए मैं आपको फिर धन्यवाद देता हूं।

श्री धूलेश्वर मीणा (राजस्थान) : आदरणीय उपसभाध्यक्ष जी, मैं राष्ट्रपति जी के अभिभाषण का, जो हमारे माननीय सदस्य, श्री सुकुल जी ने पेश किया है, उसका समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं।

राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में दोहराया है कि हमारा देश जवाहरलाल जी नेहरू के सिद्धांतों पर, लोकतांत्रिक समाजवादी और धर्म-निरपेक्षता के सिद्धांत पर चल रहा है।

इन्हीं आकारों पर हमारा देश आज चालीस साल की आजादी के बाद इस स्तर पर आ गया है कि वह आज विश्व में अपना स्थान रखता है।

माननीय उपसभाध्यक्ष जी, इस सदन के सभी साथियों को पता है कि एक समय था जब पंडित नेहरु जिंदा थे, उस समय युगोस्लाविया के मार्शल टीटो और मिश्र के कर्नल नासीर का यह वह समय था जब विश्व में शांति की ओर कुछ कदम बढ़ रहे थे। अगर श्री नेहरू कुछ और समय जिंदा रहते, तो इस ओर काफी प्रगति होती। परन्तु बीच में विश्व में इस प्रकार का एक तनाव पैदा हो गया, हमारा पड़ौसी राष्ट्र हमारी ओर एक घृणा की दृष्टि से देखने लगा, भारत का विकास और भारत की उन्नति उनको अखरने लगी। धीरे धीरे हमारे स्वर्गीय प्रधान मंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी, श्रीमती इन्दिरा गांधी जी और आज राजीव गांधी जीपंडित जी के इस कदम को आगे बढ़ाने जो का जिम्मा लिया है, उससे आज विश्व में तनाव की स्थिति धीरे-धीरे खत्म होती जा रही है। और यह श्रेय हिन्दुस्तान के प्रधान मंत्री को ही मिलना चाहिये क्योंकि आज आप देखिए जब राजीव गांधी अमरीका गए, चीन गए और पाकिस्तान गए। आज पाकिस्तान में 11-12 वर्ष के मार्शल के शासन के बाद जनतंत्र आया है। बेनजीर भुट्टो यह भी चाहती हैं कि हिन्दुस्तान के साथ एक सहयोग का रास्ता अख्तियार किया जाए और शांति कायम हो, लेकिन फिर भी कुछ यह दिखता है कि उनके और उनके राष्ट्रपति जी के बीच में थोड़ा सामंजस्य नहीं बैठ रहा है। आज अमरीका के राष्ट्रपति बुश चीन जा रहे हैं। रुस के राष्ट्रपति चीन जा रहे हैं और इस प्रकार से हर एक जगह का राष्ट्रपति एक-दूसरे देशों को जा रहा है। सहयोग की भावना और आपस में विश्व में शांति की भावना से वे जा रहे हैं। हमने भी इस ओर कदम रखे हैं। जिसमें आप देखिए कि आज हमारी सेनाएं अफगानिस्तान में, हमारी सेनाएं मालदीव में भी भेजी गई थीं। जहां-जहां जरुरत पड़ी है श्रीलंका में सब जगह हमारी सेनाए पड़ी हुई हैं और आज यह देश सुरक्षित है हमारी सेनाओं की बहादुरी के कारण और इस लिए देश का विकास भी धीरे-धीरे अच्छी तरह हो रहा है। गांवों में भी जैसा कि अभी बताया गया कि साईकल को देखने के लिये लोग इकट्ठे होते थे लेकिन आज वहां लड़के लोग अपने कंधे पर रेडियों ट्रांजिस्टर ले करके चलते हैं फिरते हैं। इस प्रकार की प्रगति हुई है, फिर भी इस देश में विकास की ओर हमें बहुत अच्छी तरह से और जल्दी ही पड़ेगा क्योंकि देश में जितनी आबादी बढ़ रही उस आबादी को कन्ट्रोल करने के लिये, उनको खिलाने-पिलाने का इंतजाम करने के लिये इस देश में जितनी जमीन है उस पर खेती

की पैदावार बढ़ाई जानी चाहिये। इस ओर हमारी सरकार काफी ध्यान दे रही है। आज हमारे प्रधान मंत्री जी ने फूड प्रोसेसिंग का एक नया मंत्रालय खोला है। और इस ओर में आपका थोड़ा सा ध्यान ले जाना चाहता हूं। फूड प्रोसेसिंग का कार्य शहर में तो अच्छी तरह से किया जा सकता है लेकिन यह जो जितने फ्रूट्स या सब्जी वगैरह गांवों में उत्पन्न होते हैं उनको बचाने के लिये और प्रयत्न करना पड़ेगा क्योंकि गांवों में न तो बिजली है, न रेफ्रिजरेटर हैं और ऐसी कोई चीज नहीं है। इस प्रकार की चीजें जल्दी खराब होती हैं और उपभोक्ताओं को उसका फायदा नहीं मिलता है। इसलिए इस ओर उठाया गया सरकार का हर कदम बहुत ही अच्छा हैं और शीघ्र ही गांव तक ले जाने का प्रयत्न करना पड़ेगा।

जहां तक बेरोजगारी का सवाल है, गांवों के बच्चे आजकल धीरे-धीरे पढ़ कर निकल रहे हैं। आज हालत क्या है। आज हालत यह है कि हर बच्चा 8वीं या 10वीं पास कर लेने के बाद नौकरी की ओर दौड़ता है। कोई भी सर्विस मिल जाए। अपने घर पर या अपने गांव में वहां पर खेती में वह काम करना नहीं चाहता। इसलिए इस ओर भी सरकार का ध्यान जाना चाहिये। क्योंकि पढ़े-लिखे लोग जितने शहरों में बेकार हैं उसी प्रकार गांवों में अब यह बेकारी बढ़ने लगी है, इसलिए उन लोगों के लिये भी इस प्रकार की व्यवस्था की जानी चाहिये कि गांवों में उनके रहने की सुविधा पढ़ने लिखने की सुविधा तथा और सुविधायें दी जाएं जिससे वे गांवों को छोड़ कर शहरों में आने का प्रयत्न नहीं करें और अपने ही गांव में रह कर अपने ही गांव का विकास करें। आज हालत यह है कि हर बच्चा अगर गांव का डाक्टर बनेगा तो शहर में रहना पसंद करेगा। अगर मास्टर बनेगा तो भी शहरों में ही जाना पसंद करेगा और शहर के लोग बाहर जाना इसलिये पसंद नहीं करते हैं कि उनके बच्चे कहां पढ़ेंगे। तो इस प्रकार की जो कठिनाइयां हैं उन कठिनाइयों को सुलझाने के लिये सरकार को आगे आना पड़ेगा। माननीय कृषि मंत्री जी बैठे हैं, मैं चाहूंगा सरकार को इस ओर ज्यादा ध्यान देना है। आज आप शहरों का विकास तो कर रहे हैं मगर शहरों का विकास तो करना ही क्या है, सिफ सुविधायें देनी हैं, लकिन वास्तव में विकास करना है गांवों का।

श्रीमान, आज हमारे प्रधान मंत्री जी का यह विचार कि देश का जो शासन है, उसका सन्ट्रलाइजशन किया जाना चाहिये, बहुत अच्छा है। आज जिला परिषदों को, पचायतों को, ग्राम पचायतों को अधिक से अधिक पावर देने के लिये सम्मेलन किए जा रहे हैं। सभाएं हो रही हैं और हमारे विरोधी दल के भाई, जो इस समय बठे हुय नहीं हैं, वह कहते हैं कि इस प्रकार का कार्य जो है, उसके पीछे शक्तियों को केन्द्रित करने की सरकार की मंशा हैं। मैं तो यही चाहूंगा कि इससे हर गांव की पंचायत के पंच को, प्रधान को, परिषदों जिला और जिला प्रमुखों को अगर हम शक्ति देंगे और वह उसका इस्तमाल सही ढ़ंग से करेंगे तो सहीं ढ़ग से गांवों का विकास होगा। जब तक उनको सही ढ़ग से शक्ति या पावर नहीं देंगे, तब तक आप सोचिए किस प्रकार से वह विकास कर पाएंगे। इसलिये मैं माननीय प्रधान मंत्री जी का बहुत बहुत आभारी हुं। मैं स्वयं भी गांव से आता हूं और गांव के लोगों की स्थिति से परिचित हूं, मैं ज्यादा जान सकता हूं बनिस्बत जो हमारे भाई शहरों में रहते हैं।

महोदय मैं जिस प्रदेश से आता हूं उस प्रदेश में कहीं कहीं तो एकदम सूखा है और कहीं कहीं कभी कभी बाढ़ आ जाती है। वहां पानी का जो लवल है वह धीरे-धीरे नीचे होता जा रहा है। वैसे तो आप कहीं भी हिन्दुस्तान का कोई हिस्सा ले ल, वाटर लेवल धीरे-धीरे नीचे जा रहा है। और वज्ञानिकों का इस संबंध में कहना है कि इस प्रकार से धीरे धीरे पानी का लवल बहुत नीचे चला जाएगा। इससे पानी पर निर्भर

[धूलेश्वीश्वर मीणा]

रहने वाले, सिचाई के साधनों के लिये पानी पर निर्भर रहने वाले किसानों के लिये एक अंधकारमय समय आने वाला ई। इसलिये मैं निवेदन करुंगा कि जहां (परेनियल) रिवरस हैं जिनमें पानी स्थाई वहता बहता रहता है, उस पर छोटे-छोटे बांध बनाए जायें। इससे बड़े बांध बनाने से लोंगो की जमीन डूब में आती है और वह जमीन की वैसे भी कमी है तो चूकि जमीन भी डूब में आने से बचेगी और छोटे बांध बनाने से उस पर्टिकुलर एरिय का वाटर लेवल भी ऊंचा रहेगा। इसलिए आपको इस प्रकार के काम हाथ में लेना होगे।

श्रीमान जी, मैं आपका और हाउस का ध्यान थोड़ा सा इस ओर दिलाना चाहूं। कि हमारे देश की प्रगति को सहन न करने वाले जो तत्व हैं, बाहरी शक्तियां हैं, उस पर भी ध्यान देना होगा। इस देश में प्रगति को बाधा पहुंचाने के लिए बाहरी शक्तियां, विशेषकर हमारे पड़ौसी राष्ट्र पाकिस्तान में आतंकवादियों को एक तरफ ट्रेंड किया जाता रहा इस देश, में तोड़ फोड़ करने के लिए। मैं पंजाब की जनता को धन्यवाद देता हूं वहां सरकार की तरफ से जो मदद होती है, वह तो सरकार करती ही है लेकिन टेरोरिस्टों का सामना करने के लिये आज वहां का जन-जन, बच्चा-बच्चा तैयार है। इसी प्रकार से देश के दूसरे भागों में, जैसे आंध्र प्रदेश में, बिहार में आतंकवादियों ने भी जाल फैला रखा है, ड सभी भाई बहनों से निवेदन करुंगा कि इस प्रकार के राष्ट्र की प्रगति के खिलाफ काम करने वाली ताकतों का सामना करने के लिये तैयार रहना चाहिये, इस प्रकार की ताकतों को सिर ऊंचा नहीं उठने देना चाहिये। इसके साथ ही यह भी सभी साथियों से निवेदन करुंगा कि जो राष्ट्र हमारी उन्नति में बाधा डालते हैं, उनका सामना करने के लिए हमको हमशा तैयार रहना होगा।

श्रीमान जी, जहां तक राजस्थान का संबंध है वैसे शास्त्री जी का थोड़ा सा हिट मुझे मिला है, आप सभी लोग जानते हैं कि पश्चिम राजस्थान हमेशा रेगिस्तान ही रहा है। प्रश्न यह है कि उस रेगिस्तान को कैसे बचाया जाय क्योंकि हवाओं से, हवाओं में झोंको से रेत धीरे-धीरे आगे सरकता जा रहा है वैसे इस ओर वर्ल्ड बैंक भी काम कर रहा है, हमारी एक संस्था भी काम कर रही है, अरावली की पहाड़ियों के बीच में कुछ इस प्रकार के पेड़ लगाकर के उसे रोके जाने का या इंदिरा नहर जो चल रही है उससे उसको रोकने का कुछ प्रयास चल रहा है। लेकिन कुछ हिस्से ऐसे भी हैं कि जैसा कि मैंने पहले बताया कि कहीं कहीं सूखा पड़ता है, लेकिन राजस्थान में सारे एरिये में सूखा-ही-सूखा है। इसलिए मैं सरकार से निवेदन करना चाहूंगा कि पीने का पानी उपलब्ध कराने के लिए जगह-जगह कुएं और ट्यूब वल खोदे जाएं, तालाब बांधें जाकर पानी रोका जाय। तभी यह समस्या हल हो सकेगी।

महोदय, इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं। मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया।

उपसभाध्यक्ष (श्री हेच. हनुमनतप्पा) : श्री बसुदेब महापात्र...श्री बी.एल. पवार।

श्री भंवर लाल पवार (राजस्थान) : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं राष्ट्रपति जी के अभिभाषण दिनांक 21 फरवरी, 89 पर धन्यवाद के प्रस्ताव का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं।

मान्यवर, भारतवर्ष का स्वतंत्रता आन्दोलन का इतिहास यह बताता है कि जन आंदोलन से खड़ी हुई एक संस्था ने, जिसने 60 साल तक अपना खून बहाक संकल्प के साथ, डेडीकेटेड भावना से स्वतंत्रता हासिल की। उसके पश्चात् इसी संस्था ने, कांग्रेस संस्थाने 42 साल से अधिक समय तक इस आजादी

संरक्षण के लिए काम करते हुए, भारत की एकता और अखंडता को कायम रखने के लिए अब तक जितने कार्य किए हैं उसके मुकाबल में और उस संस्था द्वारा चलाई जा रही सरकार के माध्यम से जो भारत की प्रगति हुई है उस प्रगति का इस साल का जो विवरण माननीय राष्ट्रपति जी ने प्रस्तुत किया है मैं इसको 'मिरर आफ द इयर आफ द सेंटर' की संज्ञा देता हूं ।

इस अभिभाषण में भारत के विकास के लिए किए गए कार्यों का जो वर्णन किया गया है, मैं उसके आंकड़ों में नहीं जाना चाहूंगा, लेकिन इस संस्था ने जो जद्दो-जेहाद छेड़ा था –राष्ट्रीयता, लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता, समाजवाद, गुटनिरपेक्षता की आधारभूत नीतियों पर चलकर इस राष्ट्र के विकास का जो बीड़ा उठाया था, हमारे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में और उनके सही उत्तराधिकारी हमारे स्वर्गीय प्रथम प्रधान मंत्री माननीय पंडित जवाहरलाल नेहरू ने इन नीतियों को लेकर भारत के निर्माण का कार्य शुरू किया था, उसे हमारी प्रिय नेता स्वर्गीय इंदिरा गांधी जी ने इन नीतियों के माध्यम से रचनात्मक विकास किया । अब हमारे नौजवान प्रधान मंत्री श्री राजीव गांधी जो ने इन आधारभूत नीतियों को अमली जामा पहनाना शुरू किया हैं। शांति, निरस्त्रीकरण और न्यायसंगत विश्व व्यवस्था को समर्पित विदेश नीति के आधार पर भारत की प्रभुसत्ता, राष्ट्रीय अखंडता और आधुनिक राष्ट्र के रूप में भारत का विकास जो हमारे प्रधान मंत्री जी कर रहे हैं, वह विश्व में एक मिसाल के रूप में भजा जाता है । इंदिरा जी ने राष्ट्र का विकास किया उन्होंने सभी मुद्दों से ऊपर उठकर अपने जीवनकाल में ऐसे कार्य किये जो विश्व इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखे जाएंगे । वह केवल राष्ट्रीय नेता नहीं थीं, वह विश्व नेता थीं । वर्ष 1977 से 1979 का कुछ समय छोड़कर जबकि जनता शासन सत्ता में आई थी, हम लोग फिर सत्ता में थे । मैं एक उदाहरण श्रीमती इंदिरा गांधी का देश चाहूंगा कि वह किस प्रकार से एक महान और दूरदर्शिता रखनेवाली नेता थी । कुछ रेल मजदूर व कर्मचारी जनता शासन के दौरान रेल हड़ताल का नोटिस देना चाहते थे । वे इनके पास पहुंचे कि हम नोटिस देना चाहते हैं । कुछ रेल मजदूर कर्मचारी उनके पास पहुचे कि हम रेल हड़ताल का नोटिस देना चाहते हैं । इंदिरा जी ने कहा कि आपके इस कार्य में आप स्वय सोचे कि राष्ट्र का हित होने वाला है या अहित होने वाला है । जब उन्होंने इतनी दूर-दृष्टि से विपक्ष में होते हुए भी उन नेताओं को यह बताया कि यह राष्ट्र के हित की बात नहीं है तो उन सब मजदूर कर्मचारियों ने इस बात को माना कि विश्व में अगर कोई राष्ट्र नीति में और विश्व नीति में कोई नेता है तो इंदिरा गांधी है । उस महान नेता ने हमेशा पार्टी से ऊपर रहकर राष्ट्र के विकास को सदैव सोची थी । हमारे विपक्ष के भाई आज सदन में नहीं हैं, क्या उनमें इस प्रकार की महानता है, सोच की शक्ति हैं ? आप देखिए कल ही एक घंटे तक सदन की कार्रवाई नहीं चलने दी और इसके कारण अगर आंकड़े आपके सामने हों तो एक घंटे का लाखों रुपए का खर्च इस ससद को चलाने में लगता है । यह राशि जो कल इन्होंने खराब की है, यह अगर देश के विकास में लगती तो देश का विकास होता । लेकिन हमारे विपक्ष के भाइयों ने अब इस प्रकार के कार्य करने शुरू किए हैं । इनकी कोई राष्ट्र के हित में नीति ही नहीं है, न कोई सिद्धांत है । मैं विपक्ष के भाइयों से यह कहना चाहूगा कि उन्होंने इस संबंध में जो भी अपने विचार रखे, उनको मैंने अच्छी तरह से सुना पढ़ा । उसको हम इस प्रकार से देखते हैं कि जैसे केवल उनका एक ही चक्षु है, दूसरा चक्षु तो उनका बिल्कुल बंद है । अगर एक राष्ट्र की पार्टी के रूप में खड़ा होकर कोई व्यक्ति संसद में बोले और केवल यही कहे कि यह नहीं हुआ या आलोचनात्मक रूप से कहकर के जनता को यह दिखाना चाहे कि वह विश्व में अपने राष्ट्र के लिए कुछ करने जा रहे हैं, मैं उन माननीय सदस्यों से यह

[श्री भंवर लाल पंवार]

विनती करना चाहूंगा कि आप दोनों चक्षुओं से देखें और भारत की जो प्रगति हो रही है, विकास हो रहा है उसकी ओर भी ध्यान रखें। केवल आलोचना को छोड़कर, समालोचना के रूप में आप अपने आपको समाज के सामने, देश के सामने प्रस्तुत करें।

हमारी पार्टी, केन्द्र सरकार ने राष्ट्र की प्रभुसत्ता को, अखण्डता को सदैव महत्व दिया है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, हमारी प्रिय नेता दिवंगत प्रधान मंत्री इंदिरा जी ने अपना बलिदान देकर राष्ट्र की प्रभुसत्ता एवं अखण्डता को बरकरार रखा। अल्प समय के लिए भारत की जनता ने हमारे विपक्षी भाइयों को सरकार बनाने का अवसर दिया था, परन्तु वे अपना कार्यकाल भी पूरा नहीं कर सके। जनता शासन के भूतपूर्व प्रधान मंत्री भाई मोरारजी देसाई जी ने, इस समय मैं यह उदाहरण देना चाहूंगा कि राष्ट्र की प्रभुसत्ता के प्रति उनका ध्यान किस प्रकार से था ? जब अमरीका में वह अमरीका के राष्ट्रपति के सामने गए, तो उन्होंने अपने घुटने टेककर भारत की खरी विदेश नीति, जो कि शांति एवं विकास के लिए अणु-शक्ति का प्रयोग करने की नीति थी, उस समय उन्होंने शांति के लिए भी इस अणु-शक्ति का प्रयोग नहीं करेंगे, ऐसी बात कह दी। वह नीति अगर चलती रहती तो भारत का विकास कैसे होता ? भारत की जनता ने उसको देखा और उन्होंने अपनी गलती को सुधारकर इस राष्ट्र को आगे ले जानेवाली, इस महान पार्टी को वापिस सत्ता में लाया।

हमारी प्रभुसत्ता एवं सहयोग की नीति को हाल ही में विश्व के देशों ने देखा है। लंका में, मालदीव में लोकतांत्रिक सरकार को बनाने में, बचाने के लिए जो भारत ने, भारत के युवा प्रधान मंत्री ने सैनिक सहायता प्रदान कर जो उन सरकारों को बचाया है, उसकी अमरीका के राष्ट्रपति ने भी सराहना की है। यह है हमारा एक दूर-दृष्टि से काम करने वाला युवा प्रधान मंत्री जिसको कि अमरीका के राष्ट्रपति ने भी सराहा है, उनकी कूट-नीति, दूरदर्शिता के कारणवश। हमारी पार्टी एवं सरकार ने भारत की अखण्डता के लिए शक्ति प्रदान करने के लिए बड़ी से बड़ी कुर्बानी दी है। आपसी समझौते के माध्यम से उत्तर पूर्व का भाग राष्ट्र के लोकतंत्र की मुख्य धारा से जुड़ गया है।

निरस्त्रीकरण के बारे में हमारे नौजवान प्रधान मंत्री जी ने भगीरथ प्रयास करके दोनों महाशक्तियों को एक टेबल पर बैठाकर जो अभूतपूर्व कार्य किया है वह विश्व इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा।

हमारे युवा प्रधान मंत्री जी ने दृढता से कदम उठाकर भारत की युवा-शक्ति को पहचाना और आजादी के बाद पहली बार मतदान की आयु घटाकर 18 वर्ष कर राष्ट्र-निर्माण में युवा शक्ति को भागीदार बनने का अवसर प्रदान किया है। सप्तम पंचवर्षीय योजना के अंदर युवा प्रधान मंत्री जी के कार्यकाल में तीव्र गति से कई उपलब्धियां हुई हैं। भारत की जनता में यह विश्वास पैदा हुआ है कि जिस प्रकार आजादी की लड़ाई में स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए संकल्प के साथ डेडिकेटेड भावना से कार्य किया गया था, उसी भावना का पुनः संचार स्वतंत्र भारत के विकास एवं स्वतंत्रता की रक्षा के लिए हमारे युवा प्रधान मंत्री राजीव गांधी जी ने जनजन में भर दिया है और वे उत्साह, डेडिकेटेड भावना से इसके लिए प्रवृत्त हुए हैं और भारत विकासशील देशों की अग्रिम पंक्ति में पहुंचकर विकसित देशों के समानान्तर पहुंचने में सक्षम हो चुका है।

मान्यवर, मैं आंकड़ों में नहीं जाना चाहता हूं, लेकिन उद्योग कृषि, विज्ञान, रिसर्च, अंतरिक्ष, देश की प्रतिरक्षा के क्षेत्र में जो आश्चर्यजनक आशाओं और आकांक्षाओं से अधिक तीव्र गति से

सरकार द्वारा योजनाबद्ध तरीके से प्रगति की है वह किसी से छिपी नहीं है। यही कारण है कि विश्व परिप्रेक्ष्य में भारत की अल्प समय में त्वरित गति और विकास को देखकर पड़ोसी एवं अन्य देशों में क्षोभ का वातावरण हमारी प्रगति में अवरोध उत्पन्न करने के लिए कर रहे हैं और आतंकवाद को बढावा देकर या नशीलें पदार्थो की तस्करी करा रहे हैं। लेकिन हमारी सरकार एवं हमारे युवा प्रधान मंत्री हर समस्या का हौसले एवं बुलंदी के साथ मुकाबला कर रहे हैं।

महोदय, अब मैं देश की बढती हुई आबादी की समस्या की ओर सदन का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं जो हमारे द्वारा किए जा रहे अभूतपूर्व विकास को निगलती जा रही हैं। देशवासियों को अपने स्तर पर भी इस गंभीर समस्या से जूझने की आवश्यकता है। यदि सरकार को इस समस्या के निवारण में जन जन का सहयोग मिल जाए तो हमारे प्रधान मंत्री जी भारत के गौरव को विश्व में पुनः स्थापितकर रहे हैं और विश्व गुरु के रूप में पूजे जाने वाले भारत को फिर से उस ओर अग्रसर करने में सफल होंगे, इसके साथ ही भारत के अंदर भी जो दूध दही की नदियां बहाने वाली बात हैं, वह सार्थक हो जाएगी।

मान्यवर, शताब्दी के विकराल महाकाल के कारण भारत को गत वर्ष गंभीर कठिनाइयों से जूझना पड़ा था। उसके बावजूद भी हमारे प्रधान मंत्री जी ने हौसले से उसका मुकाबला किया। राजस्थान की जनता तो गत पांच वर्षो से अकाल से जूझ रही थी, उसकी हालत सुधारने के लिए केन्द्र सरकार का और युवा प्रधान मंत्री जी का सहयोग न मिलता तो मैं समझता हूं कि वहां जनता एवं मवेशी काल के कगार में पहुंच जाते। हमें जो पिछलें 40 साल में राजस्थान में बाढ़ और सूखे पर खर्च करना पड़ा उसको यदि जोड़ दें तो पता चलेंगा कि जो धनराशि पिछलें चालीस सालों में खर्च की गई वही राशि प्रधान मंत्री के सहयोग से राजस्थान को पिछलें साल दी गई और राजस्थान की जनता ने साहस के साथ, धैर्य के साथ अकाल का सामना किया और उसे झेला।

